**Series : EGFH2**

**SET~2**

रोल नं.
**Roll No.**

प्रश्न-पत्र कोड
**Q.P. Code 430/2/2**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) Please check that this question paper contains **38** questions.

(IV) **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

#

# गणित (बुनियादी)

# MATHEMATICS (BASIC)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* — *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* — *Maximum Marks : **80***

• • •

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1** से **18** तक बहुविकल्पीय (MCQ) तथा प्रश्न संख्या **19** एवं **20** अभिकथन एवं तर्क आधारित **1** अंक के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **21** से **25** तक अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के **2** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(v)* ***खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **26** से **31** तक लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के **3** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **32** से **35** तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के **5** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** में प्रश्न संख्या **36** से **38** तक प्रकरण अध्ययन आधारित **4** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रकरण अध्ययन में आंतरिक विकल्प **2** अंकों के प्रश्न में दिया गया है ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड ख के 2 प्रश्नों में, खण्ड ग के 2 प्रश्नों में, खण्ड घ के 2 प्रश्नों में तथा खण्ड ङ के 3 प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है ।*

*(ix)* *जहाँ आवश्यक हो स्वच्छ आकृतियाँ बनाइए । जहाँ आवश्यक हो* $\pi = \frac{22}{7}$ *लीजिए, यदि अन्यथा न दिया गया हो ।*

*(x)* *कैल्कुलेटर का उपयोग **वर्जित** है ।*

## खण्ड क


*इस खण्ड में **20** बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।* $20 \times 1 = 20$

**1.** बिन्दुओं (1, 3) और (1, – 3) को मिलाने वाले रेखाखंड का मध्य-बिन्दु स्थित है :

(A) मूल-बिन्दु पर (B) दूसरे चतुर्थांश में

(C) x-अक्ष पर (D) y-अक्ष पर

**2.** दी गई आकृति में, यदि DE || BC, AD = 1·5 cm, DB = 3 cm और EC = 2 cm है, तो AC की लम्बाई है :




(A) 1·5 cm (B) 3 cm

(C) 3·5 cm (D) 4·5 cm

• • •

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains* ***38*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *This question paper is divided into* ***five*** *Sections –* ***A, B, C, D*** *and* ***E****.*

*(iii)* *In* ***Section A,*** *Questions no.* ***1*** *to* ***18*** *are Multiple Choice Questions (MCQs) and questions number* ***19*** *and* ***20*** *are Assertion-Reason based questions of* ***1*** *mark each.*

*(iv)* *In* ***Section B,*** *Questions no.* ***21*** *to* ***25*** *are Very Short Answer (VSA) type questions, carrying* ***2*** *marks each.*

*(v)* *In* ***Section C,*** *Questions no.* ***26*** *to* ***31*** *are Short Answer (SA) type questions, carrying* ***3*** *marks each.*

*(vi)* *In* ***Section D,*** *Questions no.* ***32*** *to* ***35*** *are Long Answer (LA) type questions carrying* ***5*** *marks each.*

*(vii)* *In* ***Section E,*** *Questions no.* ***36*** *to* ***38*** *are case study based questions carrying* ***4*** *marks each. Internal choice is provided in* ***2*** *marks questions in each case study.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in 2 questions in Section B, 2 questions in Section C, 2 questions in Section D and 3 questions in Section E.*

*(ix)* *Draw neat diagrams wherever required. Take* $\pi = \frac{22}{7}$ *wherever required, if not stated.*

*(x)* *Use of calculator is* ***not*** *allowed.*

## SECTION A


*This section has* ***20*** *Multiple Choice Questions (MCQs) carrying* ***1*** *mark each. 20×1=20*

**1.** The mid-point of the line segment joining points (1, 3) and (1, – 3) lies :

(A) at the origin  (B) in the second quadrant

(C) on x-axis  (D) on y-axis

**2.** In the given figure, if DE || BC, AD = 1·5 cm, DB = 3 cm and EC = 2 cm, the length of AC is :




(A) 1·5 cm  (B) 3 cm

(C) 3·5 cm  (D) 4·5 cm

• • •

**3.** दो संकेंद्रित वृत्तों में, छोटे वृत्त की स्पर्श-रेखा बड़े वृत्त को काटती है :

(A) शून्य बिंदु पर (B) एक बिंदु पर

(C) दो बिंदुओं पर (D) तीन बिंदुओं पर

**4.** $\frac{2 \tan 60^\circ}{1 - \tan^2 60^\circ}$ का मान है :

(A) $-3$ (B) $\sqrt{3}$

(C) $-\frac{1}{\sqrt{3}}$ (D) $-\sqrt{3}$

**5.** $(\sin \theta + \cos \theta)^2 + (\sin \theta - \cos \theta)^2 =$

(A) 1 (B) 2


(C) $2 + 2 \sin \theta \cos \theta$ (D) $2 + 4 \sin \theta \cos \theta$

**6.** जब सूर्य का उन्नयन 30° से 60° में बदलता है तो एक मीनार की छाया की लम्बाई :

(A) छोटी हो जाएगी (B) बड़ी हो जाएगी

(C) वही रहेगी (D) दुगुनी हो जाएगी

**7.** दी गई आकृति में, छायांकित भाग निरूपित करता है :




(A) लघु त्रिज्यखंड (B) दीर्घ त्रिज्यखंड

(C) लघु वृत्तखंड (D) दीर्घ वृत्तखंड

**8.** त्रिज्या '2r' के वृत्त के एक चतुर्थांश का क्षेत्रफल है :

(A) $\frac{1}{4}\pi r^2$ (B) $\frac{1}{2}\pi r^2$

(C) $\pi r^2$ (D) $2\pi r^2$

• • •

3. In two concentric circles, a tangent to the smaller circle will intersect the larger circle at :

(A) zero point (B) one point

(C) two points (D) three points

4. The value of $\frac{2 \tan 60^\circ}{1 - \tan^2 60^\circ}$ is :

(A) $-3$ (B) $\sqrt{3}$

(C) $-\frac{1}{\sqrt{3}}$ (D) $-\sqrt{3}$

5. $(\sin \theta + \cos \theta)^2 + (\sin \theta - \cos \theta)^2 =$

(A) 1 (B) 2


(C) $2 + 2 \sin \theta \cos \theta$ (D) $2 + 4 \sin \theta \cos \theta$

6. The length of the shadow of a tower when the sun's altitude changes from 30° to 60° will :

(A) become shorter (B) become longer

(C) remain same (D) be doubled

7. In the given figure, the shaded region represents :




(A) minor sector (B) major sector

(C) minor segment (D) major segment

8. The area of a quadrant of a circle of radius '2r' is :

(A) $\frac{1}{4}\pi r^2$ (B) $\frac{1}{2}\pi r^2$

(C) $\pi r^2$ (D) $2\pi r^2$

• • •

**9.** ऊँचाई 'h' और त्रिज्या 'r' का एक शंकु समान आयाम के एक ठोस बेलन पर अध्यारोपित है। पूरे ठोस का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल होगा :

(A) $2\pi rh + \pi r\sqrt{h^2 + r^2}$

(B) $2\pi rh + \pi r^2 + \pi r\sqrt{h^2 + r^2}$

(C) $2\pi rh + 2\pi r^2 + \pi r\sqrt{h^2 + r^2}$

(D) $2\pi rh + \pi r\sqrt{h^2 + r^2} - \pi r^2$

**10.** बहुलक के सूत्र

$$\text{बहुलक} = l + \frac{f_1 - f_0}{2f_1 - f_0 - f_2} \times h$$

में $f_1$ दर्शाता है :

(A) बहुलक वर्ग की बारंबारता

(B) बहुलक वर्ग से ठीक पहले वाले वर्ग की बारंबारता

(C) बहुलक वर्ग के ठीक बाद में आने वाले वर्ग की बारंबारता

(D) बहुलक वर्ग की संचयी बारंबारता

**11.** किसी बंटन के लिए, यदि माध्य = माध्यक = a है, तो इस बंटन का बहुलक है :

(A) 3a (B) 2a

(C) a (D) 0

**12.** तीन पासों को एक साथ फेंकने पर संभव परिणामों की कुल संख्या है :

(A) 6 (B) 18

(C) 36 (D) 216

**13.** दो संख्याओं 3 और 5 के लिए, (HCF – LCM) का मान है :

(A) 2 (B) 4

(C) 14 (D) – 14

**14.** किसी प्राकृत संख्या n के लिए, संख्या $3^n$ कभी भी समाप्त नहीं होती है अंक :

(A) 1 पर (B) 3 पर

(C) 5 पर (D) 7 पर

• • •

**9.** A cone of height 'h' and radius 'r' is surmounted on a solid cylinder of same dimensions. The total surface area of the entire solid will be :

(A) $2\pi rh + \pi r\sqrt{h^2 + r^2}$

(B) $2\pi rh + \pi r^2 + \pi r\sqrt{h^2 + r^2}$

(C) $2\pi rh + 2\pi r^2 + \pi r\sqrt{h^2 + r^2}$

(D) $2\pi rh + \pi r\sqrt{h^2 + r^2} - \pi r^2$

**10.** In the formula of mode given by mode $= l + \dfrac{f_1 - f_0}{2f_1 - f_0 - f_2} \times h$,

$f_1$ denotes the :

(A) frequency of the modal class

(B) frequency of class preceding modal class

(C) frequency of class succeeding modal class

(D) cumulative frequency of modal class

**11.** For a distribution, if mean = median = a, then its mode is :

(A) 3a (B) 2a

(C) a (D) 0

**12.** The total number of outcomes in the experiment of simultaneous throw of three dice is :

(A) 6 (B) 18

(C) 36 (D) 216

**13.** The value of (HCF – LCM) for the two numbers 3 and 5 is :

(A) 2 (B) 4

(C) 14 (D) – 14

**14.** The number $3^n$, where n is a natural number, cannot end with the digit :

(A) 1 (B) 3

(C) 5 (D) 7

• • •

**15.** समीकरण निकाय $x = 3$, $y = -1$ के हलों की संख्या है :

(A) 0 (B) 1

(C) 2 (D) अनन्त

**16.** समीकरण $x^2 + 3x + a = 0$ के मूल वास्तविक और बराबर रखने के लिए, 'a' का मान होता है :

(A) $\frac{4}{9}$ (B) $\frac{9}{4}$

(C) $\frac{3}{2}$ (D) $\frac{2}{3}$

**17.** निम्नलिखित समीकरणों में से कौन-सा द्विघात समीकरण है ?

(A) $x^2 = (x + 1)^2$ (B) $(x - 1)(x + 2) = 2x + 1$

(C) $(x + 2)^3 = 2x(x^2 - 1)$ (D) $\sqrt{x} = x^2$

**18.** मूल-बिन्दु से बिन्दु (2, 3) की दूरी है :

(A) 2 (B) 3

(C) 5 (D) $\sqrt{13}$

*प्रश्न संख्या **19** और **20** अभिकथन एवं तर्क आधारित प्रश्न हैं । दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को तर्क (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन प्रश्नों के सही उत्तर नीचे दिए गए कोडों (A), (B), (C) और (D) में से चुनकर दीजिए ।*

(A) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, परन्तु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु तर्क (R) ग़लत है ।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु तर्क (R) सही है ।

**19.** *अभिकथन (A) :* सभी सर्वांगसम त्रिभुज, समरूप त्रिभुज होते हैं ।

*तर्क (R) :* सर्वांगसम त्रिभुजों में, संगत भुजाओं का अनुपात 1 : 1 होता है ।

**20.** *अभिकथन (A) :* 36 को विभाजित करने वाली अभाज्य संख्याएँ 6 को भी विभाजित करती हैं ।

*तर्क (R) :* कोई संख्या यदि $p^2$ को विभाजित करती है, तो वह p को भी विभाजित करती है ।

• • •

**15.** The number of solutions of the system of equations $x = 3$, $y = -1$ is :

(A) 0 (B) 1

(C) 2 (D) Infinite

**16.** The value of 'a' for which the equation $x^2 + 3x + a = 0$ has real and equal roots is :

(A) $\frac{4}{9}$ (B) $\frac{9}{4}$

(C) $\frac{3}{2}$ (D) $\frac{2}{3}$

**17.** Which of the following equations is a quadratic equation ?

(A) $x^2 = (x + 1)^2$ (B) $(x - 1)(x + 2) = 2x + 1$

(C) $(x + 2)^3 = 2x(x^2 - 1)$ (D) $\sqrt{x} = x^2$

**18.** The distance of the point (2, 3) from the origin is :

(A) 2 (B) 3

(C) 5 (D) $\sqrt{13}$

*Questions number **19** and **20** are Assertion and Reason based questions. Two statements are given, one labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R). Select the correct answer to these questions from the codes (A), (B), (C) and (D) as given below.*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**19.** *Assertion (A) :* All congruent triangles are similar.

*Reason (R) :* In congruent triangles, the ratio of corresponding sides is 1 : 1.

**20.** *Assertion (A) :* The prime numbers which divide 36 also divide 6.


*Reason (R) :* Any number which divides $p^2$ also divides p.

• • •

## खण्ड ख

*इस खण्ड में **5** अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **2** अंक हैं।* *5×2=10*

**21.** एक वृत्त के परिगत एक चतुर्भुज बना है, जैसा दी गई आकृति में दिखाया गया है। यदि AB = 5 cm, BC = 7 cm तथा CD = 6 cm है, तो AD की लम्बाई ज्ञात कीजिए।





**22.** मान ज्ञात कीजिए :

$$\frac{\sin 45^\circ}{\sec 30^\circ - \tan 30^\circ}$$

**23.** (क) एक बड़े वृत्त के त्रिज्यखण्ड, जिसका केंद्रीय कोण 120° है, का क्षेत्रफल एक छोटे वृत्त के क्षेत्रफल के बराबर है। छोटे वृत्त और बड़े वृत्त की त्रिज्याएँ क्रमश: 'r' और 'R' हैं। r : R ज्ञात कीजिए।

**अथवा**

(ख) दी गई आकृति में, त्रिज्या 7 cm के वृत्त का केन्द्र O है। AB, वृत्त की एक जीवा है। छायांकित भाग का परिमाप ज्ञात कीजिए।




**24.** (क) c का मान ज्ञात कीजिए जिसके लिए निम्नलिखित रैखिक समीकरण युग्म के अपरिमित रूप से अनेक हल हैं :


$$cx + 3y = c - 3$$
$$12x + cy = c$$

**अथवा**

## SECTION B

*This section has **5** Very Short Answer (VSA) type questions carrying **2** marks each.* *5×2=10*

**21.** A quadrilateral circumscribes the circle as shown in the given figure. If AB = 5 cm, BC = 7 cm and CD = 6 cm, then find the length of AD.





**22.** Evaluate :

$$\frac{\sin 45^\circ}{\sec 30^\circ - \tan 30^\circ}$$

**23.** (a) The area of a smaller circle is equal to the area of a sector of a larger circle with central angle 120°. The radii of the smaller and larger circles are 'r' and 'R' respectively. Find r : R.

**OR**

(b) In the given figure, O is the centre of a circle of radius 7 cm. AB is a chord of the circle. Find the perimeter of the shaded region.




**24.** (a) Find the value of c for which the following pair of linear equations has infinitely many solutions :

$$cx + 3y = c - 3$$
$$12x + cy = c$$

**OR**

• • •

(ख) x और y के लिए हल कीजिए :

$$3x + 2y = 65$$
$$2x + 3y = 60$$

**25.** त्रिभुज ABC की भुजा BC पर एक बिंदु D इस प्रकार स्थित है कि $\angle ADC = \angle BAC$. सिद्ध कीजिए कि $(CA)^2 = CB \cdot CD$.

## खण्ड ग

*इस खण्ड में **6** लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **3** अंक हैं।* *6×3=18*

**26.** (क) निम्नलिखित रैखिक समीकरण युग्म को ग्राफ़ द्वारा हल कीजिए :


$$2x - y = 2 \quad \text{और} \quad 4x - y = 4$$

इन समीकरणों से निरूपित रेखाएँ, y-अक्ष को जिन बिंदुओं पर प्रतिच्छेदित करती हैं, उन बिंदुओं के निर्देशांक भी लिखिए।

**अथवा**

(ख) क्रिकेट कोचिंग प्रदान करने वाली एक अकादमी ने 10 बल्ले और 5 गेंदें, ₹ 32,500 में खरीदे। बाद में, अकादमी ने 2 बल्ले और 8 गेंदें, ₹ 10,000 में खरीदे। यदि बल्ले और गेंद की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ हो, तो 1 बल्ले और 1 गेंद की कीमत ज्ञात कीजिए।

**27.** दी गई आकृति में, TP और TQ, वृत्त के बिन्दुओं P और Q पर क्रमश: स्पर्श-रेखाएँ हैं। यदि प्रतिवर्ती $\angle POQ = 250°$ है, तो चतुर्भुज POQT के प्रत्येक कोण की माप ज्ञात कीजिए।




**28.** निम्नलिखित त्रिकोणमितीय सर्वसमिका को सिद्ध कीजिए :

$$\frac{1 - \sin\theta}{\cos\theta} + \frac{\cos\theta}{1 - \sin\theta} = 2 \sec\theta$$

• • •

(b) Solve for x and y :

$$3x + 2y = 65$$
$$2x + 3y = 60$$

**25.** D is a point on side BC of $\Delta$ ABC such that $\angle$ ADC = $\angle$ BAC. Prove that $(CA)^2 = CB \cdot CD$.

## SECTION C

*This section has **6** Short Answer (SA) type questions carrying **3** marks each.* *6×3=18*

**26.** (a) Solve graphically the following pair of linear equations :


$$2x - y = 2 \text{ and } 4x - y = 4$$

Also, write the coordinates of the points where the lines represented by these equations cut the y-axis.

**OR**

(b) An academy offering cricket coaching bought 10 bats and 5 balls for ₹ 32,500. Later, the academy bought 2 bats and 8 balls for ₹ 10,000. If there is no change in the cost of the bat and of the ball, find the cost of 1 bat and 1 ball.

**27.** In the given figure, TP and TQ are tangents at points P and Q of the circle respectively. If reflex $\angle$ POQ = 250°, find the measure of each angle of quadrilateral POQT.





**28.** Prove the following trigonometric identity :

$$\frac{1 - \sin\theta}{\cos\theta} + \frac{\cos\theta}{1 - \sin\theta} = 2\sec\theta$$

• • •

**29.** संयोग (chance) के एक खेल में, एक पहिये को घुमाया जाता है, जो विश्राम में आने के बाद संख्याओं 1, 2, 3, ..., 10 (दी गई आकृति में दिखाए अनुसार) में से किसी एक संख्या को इंगित करता है।




यदि सभी परिणाम समप्रायिक हैं, तो इसकी क्या प्रायिकता है कि यह पहिया :

(i) 2 से बड़ी अभाज्य संख्या को इंगित करेगा ?

(ii) 9 से छोटी विषम संख्या को इंगित करेगा ?

(iii) 4 के गुणज को इंगित करेगा ?

**30.** (क) सिद्ध कीजिए कि $\sqrt{5}$ एक अपरिमेय संख्या है।

**अथवा**

(ख) अंकगणित का आधारभूत प्रमेय लिखिए और इसके प्रयोग से, 36 और 54 का ल.स. (LCM) ज्ञात कीजिए।


**31.** बहुपद $p(x) = 2x^2 + 5x + 2$ के शून्यक ज्ञात कीजिए और p(x) के शून्यकों तथा इसके गुणांकों के बीच संबंध की सत्यता की जाँच कीजिए।

## खण्ड घ

*इस खण्ड में **4** दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **5** अंक हैं।* $4 \times 5 = 20$

**32.** दो त्रिभुजों की समरूपता की AA कसौटी बताइए और इसका उपयोग निम्नलिखित को सिद्ध करने के लिए कीजिए।


दी गई आकृतियों में $\Delta$ ABC और $\Delta$ PQR में, AD और PS क्रमश: $\angle$ BAC और $\angle$ RPQ के समद्विभाजक हैं।




यदि $\Delta ABC \sim \Delta PQR$ है, तो सिद्ध कीजिए कि $\Delta ACD \sim \Delta PRS$.

• • •

**29.** A game of chance consists of spinning a wheel which comes to rest at one of the numbers from 1 to 10 (as shown in the given figure) with equal probabilities.




What is the probability that the wheel stops at

(i) a prime number greater than 2 ?

(ii) an odd number less than 9 ?

(iii) a multiple of 4 ?

**30.** (a) Prove that $\sqrt{5}$ is an irrational number.

**OR**

(b) State the "Fundamental Theorem of Arithmetic" and use it to find LCM of 36 and 54.


**31.** Find the zeroes of the polynomial $p(x) = 2x^2 + 5x + 2$ and verify the relationship between zeroes of p(x) and its coefficients.

## SECTION D

*This section has **4** Long Answer (LA) type questions carrying **5** marks each.* *4×5=20*

**32.** State AA criterion of similarity of two triangles and use it to prove the following.

In the given figures of $\Delta$ ABC and $\Delta$ PQR, AD and PS are angle bisectors of $\angle$ BAC and $\angle$ RPQ respectively.




If $\Delta ABC \sim \Delta PQR$, prove that $\Delta ACD \sim \Delta PRS$.

• • •

**33.** लकड़ी के 14 cm भुजा वाले एक घनाकार ब्लॉक की ऊपरी सतह से एक अर्धगोला खोदकर निकाला जाता है। यदि अर्धगोले का व्यास घनाकार ब्लॉक की एक भुजा की लम्बाई के बराबर है, तो बचे हुए ठोस का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ प्रयोग कीजिए)

**34.** (क) एक पौधे की 40 पत्तियों की लम्बाइयाँ निकटतम मिलीमीटर में मापी जाती हैं तथा प्राप्त आँकड़ों को निम्नलिखित सारणी के रूप में निरूपित किया जाता है :

| *लम्बाई (mm में)* | *पत्तियों की संख्या* |
|---|---|
| 100 – 120 | 8 |
| 120 – 140 | 9 |
| 140 – 160 | 12 |
| 160 – 180 | 5 |
| 180 – 200 | 6 |

पत्तियों की माध्यक लम्बाई (mm में) ज्ञात कीजिए।

**अथवा**

(ख) एक कक्षा अध्यापक ने अपनी कक्षा के 30 विद्यार्थियों की अनुपस्थिति निम्नलिखित रूप में रिकॉर्ड (Record) की।

| *दिनों की संख्या* | 0 – 4 | 4 – 8 | 8 – 12 | 12 – 16 | 16 – 20 | 20 – 24 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| *अनुपस्थित विद्यार्थियों की संख्या* | 1 | 8 | x | 6 | 5 | y |

यदि एक विद्यार्थी की अनुपस्थिति की माध्य संख्या 12 है, तो x और y के मान ज्ञात कीजिए।

**35.** (क) दो वर्गों के क्षेत्रफलों का योगफल 2650 $cm^2$ है। यदि उनके परिमापों का योगफल 280 cm है, तो दिए गए दो वर्गों की भुजाएँ ज्ञात कीजिए।

**अथवा**

(ख) समीकरण $\frac{1}{x} - \frac{1}{x-2} = 3, (x \neq 0, 2)$ को एक द्विघात समीकरण के मानक रूप में व्यक्त कीजिए। अत:, इस प्रकार प्राप्त हुए द्विघात समीकरण के मूल ज्ञात कीजिए।

• • •

**33.** A hemispherical depression is scooped out from the top face of a wooden cubical block of side 14 cm. If the diameter of the hemisphere is equal to the side of the cube, find the total surface area of the remaining solid block. (Use $\pi = \frac{22}{7}$)

**34.** (a) The lengths of 40 leaves of a plant are measured, correct to the nearest millimetre and data obtained is represented in the following table :

| *Length in (mm)* | *Number of leaves* |
|---|---|
| 100 – 120 | 8 |
| 120 – 140 | 9 |
| 140 – 160 | 12 |
| 160 – 180 | 5 |
| 180 – 200 | 6 |

Find the median length (in mm) of the leaves.

**OR**

(b) A class teacher has the following absentees record of 30 students of a class.

| *Number of days* | 0 – 4 | 4 – 8 | 8 – 12 | 12 – 16 | 16 – 20 | 20 – 24 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| *Number of Absent students* | 1 | 8 | x | 6 | 5 | y |

If the mean number of days a student was absent is 12, find the values of x and y.

**35.** (a) The sum of areas of two squares is 2650 $cm^2$. If the sum of their perimeters is 280 cm, find the sides of the two given squares.

**OR**


(b) Express the equation $\frac{1}{x} - \frac{1}{x-2} = 3, (x \neq 0, 2)$ as a quadratic equation in standard form. Hence, find the roots of the quadratic equation so obtained.

## खण्ड ङ

*इस खण्ड में **3** प्रकरण अध्ययन आधारित प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **4** अंक हैं।* *$3 \times 4 = 12$*

### प्रकरण अध्ययन – 1

**36.** एक महिला ने अपनी दोस्त से ₹ 10,00,000 उधार लिए और अगले महीने से मासिक किस्तों में उधार लिया हुआ पैसा वापस करने का वादा किया। एक महीने पश्चात, उसने ₹ 10,000 वापस किए, अगले महीने उसने ₹ 15,000 वापस किए, तीसरे महीने में उसने ₹ 20,000 वापस किए और इसी तरह प्रत्येक महीने की किस्त में समान रूप से वृद्धि करते हुए वापस करती रही।



उपर्युक्त जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) दसवें महीने में भुगतान की गई किस्त की राशि ज्ञात कीजिए। *1*

(ii) कौन-सी किस्त में उसने ₹ 40,000 का भुगतान किया था ? *1*

(iii) (क) कितनी किस्तों में उसने कुल ₹ 11,50,000 का भुगतान किया है ? *2*

**अथवा**

(ख) कितनी किस्तों तक, वह कुल ₹ 3,25,000 की राशि का भुगतान कर चुकी थी ? *2*


• • •

## SECTION E

*This section has **3** case study based questions carrying **4** marks each.* *3×4=12*

### Case Study – 1

**36.** A woman borrowed ₹ 10,00,000 from her friend and promised to return the borrowed money in monthly instalments beginning from the next month. After one month, she returned ₹ 10,000, the next month she returned ₹ 15,000, the third month she returned ₹ 20,000 and so on, thereby increasing the monthly instalment uniformly.



Based on the above information, answer the following questions :

(i) Find the amount of instalment paid in the tenth month. *1*

(ii) In which instalment did she pay ₹ 40,000 ? *1*

(iii) (a) If she returned ₹ 11,50,000 in all, how many instalments did she pay ? *2*


**OR**

(b) By which instalment has she returned a total amount of ₹ 3,25,000 ? *2*

**प्रकरण अध्ययन – 2**

**37.** एक मैदान आयताकार है। इस आयताकार मैदान ABCD के चारों कोनों के निर्देशांक A(10, 10), B(40, 10), C(40, 50) और D(x, y) हैं। दो दोस्त अनिल और अनिता ने एक दौड़ लगाने का फैसला किया। अनिता ने बिंदु A से दौड़ना शुरू किया और वह बिन्दु E की ओर, विकर्ण AC की दिशा में, चल पड़ी, जहाँ E, ABCD के दोनों विकर्णों का प्रतिच्छेद बिन्दु है। बिन्दु E पर पहुँचकर, वह बिन्दु B की ओर, विकर्ण DB की दिशा में जाती है और बिन्दु B पर पहुँचने पर वह BA की दिशा में जाकर बिन्दु A पर वापस आती है। अनिल बिंदु C से आरम्भ करके, D से होते हुए बिन्दु A तक दौड़ लगाता है।






उपर्युक्त जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) बिंदु E के निर्देशांक ज्ञात कीजिए। *1*

(ii) बिंदुओं B और C के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए। *1*

(iii) (क) बिंदु D के निर्देशांक और दूरी BD ज्ञात कीजिए। *2*

**अथवा**


(ख) अनिता द्वारा तय की गई कुल दूरी ज्ञात कीजिए। *2*

• • •

## Case Study – 2

**37.** A field is in the form of a rectangle. The coordinates of the rectangular field ABCD are A(10, 10), B(40, 10), C(40, 50) and D(x, y). Anil and Anita, two friends decided to have a race. Anita started from point A and moved to point E along the diagonal AC, where E is the point of intersection of both the diagonals of ABCD. From point E, she moved to point B along the other diagonal DB and then moved back to point A along BA. While Anil started from point C and ran to point A via D along the boundary of the field.






Based on the above information, answer the following questions :

(i) Find the coordinates of point E. *1*

(ii) Find the distance between the points B and C. *1*


(iii) (a) Find the coordinates of point D and the distance BD. *2*

**OR**

(b) Find the total distance travelled by Anita. *2*

**प्रकरण अध्ययन – 3**

**38.** पतंग उत्सव भारत में एक लोकप्रिय त्योहार है जो मकर संक्रांति के दौरान मनाया जाता है। यह त्योहार लोगों द्वारा अपनी छतों से पतंग उड़ाकर मनाया जाता है। रीना और रवि भी त्योहार का आनंद लेने के लिए पतंग उड़ा रहे हैं। रीना की पतंग की ऊँचाई धरती से 60 m ऊपर है। पतंग से जुड़ी डोर अस्थायी रूप से धरती पर एक बिंदु से बँधी होती है, और धरती के साथ डोर का झुकाव $30^\circ$ है। रवि 10 m ऊँची इमारत से पतंग उड़ा रहा है। उसकी पतंग भी धरती से 60 m ऊपर उड़ रही है और रवि द्वारा इस्तेमाल की गई डोर की लम्बाई रीना की डोर के समान है। $\theta$, छत के एक बिन्दु से रवि की पतंग का उन्नयन कोण है।






उपर्युक्त जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) रीना द्वारा इस्तेमाल करने वाली डोर की लम्बाई ज्ञात कीजिए। *1*

(ii) $\sin \theta$ का मान ज्ञात कीजिए। *1*

(iii) (क) यदि डोर की लम्बाई में किसी परिवर्तन के बिना, $\theta$ को $60^\circ$ में बदला जाता है, तो धरती से रवि की पतंग की ऊँचाई क्या होगी ? ($\sqrt{3} = 1{\cdot}7$ प्रयोग कीजिए) *2*


**अथवा**

(ख) यदि डोरी का झुकाव धरती के साथ $30^\circ$ है, तो रवि की पतंग की धरती से ऊँचाई कितनी होगी, यह मानते हुए कि डोरी की लम्बाई नहीं बदलती है ? *2*

• • •

## Case Study – 3

**38.** Kite festival is a popular festival in India which takes place during Makar Sankranti. The festival is celebrated by people flying kites from their rooftops. Reena and Ravi are also flying kites to enjoy the festival. The height of Reena's kite is 60 m above the ground. The string attached to the kite is temporarily tied to a point on the ground, and the inclination of the string with the ground is 30°. Ravi is flying a kite from a 10 m high building. His kite is also flying 60 m above the ground and the length of the string used by Ravi is same as that of Reena's. $\theta$ is the angle of elevation of Ravi's kite from a point on the rooftop.






Based on the above information, answer the following questions :

(i) Find the length of string used by Reena. *1*

(ii) Find the value of $\sin \theta$. *1*

(iii) (a) If $\theta$ changes to 60°, without changing the length of the string, what will be the height of Ravi's kite above the ground ? (Use $\sqrt{3} = 1{\cdot}7$) *2*

**OR**

(b) What would have been the height of Ravi's kite above the ground, if the string had an inclination of 30° with the ground, assuming that the length of the string does not change ? *2*